# 11. विलोम शब्द

विलोम यानि उलटा। ऐसे शब्द जो किसी शब्द का उलटा अर्थ बताते हैं, विलोम शब्द कहलाते हैं।

- शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ पर दिए चित्रों को दिखाकर कड़वा × मीठा, खुली × बंद शब्दों पर चर्चा करते हुए बताएँ कि ये शब्द एक-दूसरे का उलटा अर्थ बता रहे हैं।
- चर्चा करें, कौन-कौन सी चीज़ें कड़वी होती हैं तथा कौन-सी मीठी? बच्चों के उत्तर जानें। सभी बच्चों को समान रूप से बोलने का अवसर दें।
- बच्चों से भी कुछ विलोम शब्द बताने को कहें, जो उन्होंने पिछली कक्षा में पढ़े थे।
- पाठ पृष्ठ पर दिए अन्य विलोम शब्दों को बच्चों से ही पढ़वाएँ। बीच-बीच में किसी-किसी शब्द का विलोम शब्द पूछें। इससे बच्चों का ध्यान पाठ पर केंद्रित है या नहीं, यह जाना जा सकता है।
- विलोम शब्दों को वाक्य प्रयोग द्वारा भी सरलता से समझाया जा सकता है। बच्चों से विलोम शब्दों के वाक्य बनवाकर बुलवाएँ।
- पाठ के अभ्यास कक्षा में करवाएँ तथा सहायता भी करें।